आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उनहत्तर हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए।
- "विकसित कृषि संकल्प अभियान" कल से शुरू होगा ।
- समाज कल्याण विभाग की ओर से स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।
- चाथम –डंडस प्वाइंट के बीच रात के समय चलने वाली यात्री जलयान सेवा के समय में फेरबदल।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में वर्ष दो हजार पच्चीस के लिए उनहत्तर प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इनमें से तीन को पद्म विभूषण, नौ को पद्म भूषण और सतावन लोगों को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश जगदीश सिंह खेहर को न्यायपालिका में उल्लेखनीय सेवा के लिए और भारतीय कथक नृत्यांगना कुमुदनी रजनीकांत लाखिया को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है। प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पद्म भूषण से सम्मानित होने वालों में जतिन गोस्वामी, कैलाश नाथ दीक्षित, साध्वी ऋतंभरा शामिल है।

<><><><><><><>

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कल से बारह जून तक "विकसित कृषि संकल्प अभियान" नामक एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान शुरू कर रहा है। मंत्रालय के निर्देशानुसार द्वीपों के कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्रों, जिला प्रशासन, पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग, मत्स्य पालन विभाग और ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के समन्वय से सभी क्षेत्रों में विकसित कृषि संकल्प अभियान नामक एक पूर्व–खरीफ अभियान का आयोजन करेगा। मंत्रालय द्वारा तीन हजार किसानों तक पहुंचने का लक्ष्य दिया गया है। कृषि संकल्प अभियान द्वीपसमूह की सभी ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य किसानों को प्रमुख खरीफ फसलों की आधुनिक कृषि पद्धतियों, किसानों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। इसके अलावा उर्वरकों के संतुलित उपयोग और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के उपयोग के बारे में

बताना है। इस सिलसिले में कृषि निदेशक ने ग्राम पंचायत प्रधानों के साथ तीन बैठकें की हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के लिए अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान किसान पंजीकरण गतिविधियाँ भी की जाएँगी। विकसित कृषि संकल्प अभियान नामक प्री–खरीफ अभियान के बारे में जागरूकता सोशल मीडिया गतिविधियों के माध्यम से भी फैलाई जाएगी ।

<><><><><><><>

सरकार ने कल दो परिवर्तनकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया। ये हैं नो योर डिजिपिन और नो योर पिन कोड। जो भारत की पता जानने की प्रणाली और भू–स्थानिक शासन के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डिजिपिन एक डिजिटल पोस्टल इंडेक्स नंबर है जो एक ओपन–सोर्स, इंटरऑपरेबल, जियो–कोडेड, ग्रिड–आधारित डिजिटल पता जानने की प्रणाली है, जिसे संचार मंत्रालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–हैदराबाद और राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र– एन आर एस सी, इसरो के सहयोग से विकसित किया है। 'नो योर पिन कोड' वेब एप्लिकेशन है, जो ग्लोबल नेविगेशन सेटेलाइट सिस्टम–जी एन एस एस के माध्यम से उपयोगकर्ताओं को किसी भी स्थान के सही पिन कोड की पहचान करने में सहायक होगी और पिन कोड डेटासेट के निरंतर परिशोधन के लिए पिन कोड सटीकता पर प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की अनुमति देगी।

<><><><><><><>

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से समाज कल्याण निदेशालय द्वारा कल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में स्वच्छता और इससे जुड़े मुद्दों पर जागरूकता फैलाना था। इसका विषय था–स्वस्थ विकल्प, खुशहाल जीवन। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के उप–निदेशक, परिवार कल्याण डॉ. एच एम सिद्धाराजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने महिलाओं को कृमि नियंत्रण, खून की कमी के कारण होने वाले रोग व उसके रोकथाम के बारे में चर्चा की।

बाईट–डॉ. एच एम सिद्धाराजू–42 से0

कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ए एन एम, आशा कार्यकर्ता और क्षेत्र के निवासियों ने भाग लिया। इस पहल से महिलाओं और किशोरी लड़कियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनने और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे वे एक स्वस्थ और सशक्त जीवन जी सकें।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से द्वीप नारियल महोत्सव—दो हजार पच्चीस तीस और इक्कतीस मई को आयोजित किया जाएगा। श्री विजयपुरम के प्रदर्शनी मैदान में आयोजित होने वाले इस उत्सव में कृषि विभाग की ओर से नारियल छीलने और नारियल रंगोली सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों का उद्देश्य द्वीपों में नारियल से जुड़े पारंपरिक कौशल और सांस्कृतिक महत्व को प्रदर्शित करना है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र गोलघर स्थित क्षेत्रीय कृषि कार्यालय से कार्य अवधि में प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

चाथम —डंडस प्वाइंट के बीच रात के समय चलने वाली यात्री जलयान सेवा के कम उपयोग को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय ने नौका संचालन के समय में फेरबदल किया है। अब चाथम से डंडस प्वाइंट के बीच रात नौ बजकर पांच मिनट और डंडस प्वाइंट से चाथम के बीच रात साढ़े नौ बजे जलयान सेवा उपलब्ध रहेगी। संशोधित समय के अनुसार चाथम से डंडस प्वाइंट के लिए पहली यात्री जलयान सेवा सुबह पांच बजकर पांच मिनट से शुरू होगी और डंडस प्वाइंट से चाथम के बीच अंतिम सेवा रात आठ बजकर पचास मिनट पर उपलब्ध रहेगी।

विभाग ने यात्रियों से संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने का अनुरोध किया। संशोधित कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपों के प्रत्येक किसान तक पहुंचने के लिए कल से बारह जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान के चलने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने प्रमुखता से छापा है। अखबार ने श्रम विभाग के गिग वर्कर्स से ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराने की अपील को भी प्रमुखता दी है। कार निकोबार क्षेत्र में कृषि और पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सचिव द्वारा विभाग के विभिन्न योजनाओं पर समुदाय के साथ बातचीत के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**